**शेख़ फ़रीद – सबद ५७**
**फरीदा नंढी कंतु न राविओ वडी थी मुईआसु ॥**
**सलोक, सेख फरीद, गुरु ग्रंथ साहिब, १३८०**

फरीदा नंढी कंतु न राविओ वडी थी मुईआसु ॥
धन कूकेंदी गोर में तै सह ना मिलीआसु ॥५४॥

**सार:** काम टालना सिर्फ़ समय बर्बाद करना ही नहीं है बल्कि यह हमारे भीतरी साहस को भी कमज़ोर करता है। हम उन चीज़ों को सही समय का इंतज़ार करते हुए टालते रहते हैं जो हमारे लिए अर्थपूर्ण हैं लेकिन ऐसा करके, हम एक अनिश्चित भविष्य के लिए अपने आज की बलि चढ़ा देते हैं। देरी करने से हम ख़ुद को ही धोखा देते हैं, हमें चीज़ें साफ़-साफ़ समझ तो आती हैं लेकिन हम उन पर अमल नहीं करते। जो जीवन हम जी सकते थे, वह महज़ विचारों तक सिमटकर रह जाता है। अवसर महज़ इरादों में बदलकर रह जाते हैं और हमें अपनी पूरी क्षमता के साथ जीने से रोकते हैं। इसका मूल मंत्र यही है कि अभी क़दम उठाएँ भले ही वह पूरी तरह से सही न हो क्योंकि जीवन में अवसर किसी 'सही समय' का इंतज़ार नहीं करते।

फरीदा नंढी कंतु न राविओ वडी थी मुईआसु ॥
फ़रीद कहते हैं कि जवानी में सर्वव्यापी स्रोत का चिंतन नहीं किया, अब जब बुढ़ापा आ गया है तब मृत्यु का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रतीकात्मक रूप से दर्शाता है कि जवानी ग्रहण करने की कोमलता का प्रतिनिधित्व करती है जबकि बुढ़ापा स्वीकार न करने की कठोरता को दर्शाता है।

धन कूकेंदी गोर में तै सह ना मिलीआसु ॥५४॥
जीवन-साथी क़ब्र से पुकारता है लेकिन अपने प्रिय से मिल नहीं पाता। यह अंतरात्मा का प्रतिनिधित्व करता है जो इस पर विचार करती और पछताती है कि वह सार्वभौमिक चेतना के सार के साथ एकत्व स्थापित नहीं कर पाई। (५४)

**तत्त्व:** शेख़ फ़रीद हमें स्मरण कराते हैं कि हमारी तरक़्क़ी के लिए युवा अवस्था जैसी ग्रहणशीलता को बनाए रखना बहुत आवश्यक है। इसके बिना, हम आसानी से उन पुरानी आदतों के जाल में फँस सकते हैं जो समय के साथ-साथ कठोरता में बदल गई हैं। जब हम अलग-अलग नज़रियों के लिए स्वयं को बंद कर लेते हैं तब हम अपने अंदर की गहरी सच्चाई से दूर होने का ख़तरा उठाते हैं। यह कठोरता, जिसे अक्सर लोग ताक़त समझ लेते हैं, असल में हमारे अहं का बदलाव विरोधी रूप है। हमारी भीतरी गहनता खुलेपन में पनपती है और संकीर्ण सोच में ठप्प होकर निष्क्रिय हो जाती है। ग्रहणशीलता को अपनाने से हमें अपने असली स्वरूप को फिर से नया और बेहतर बनाने का अवसर मिलता है।

---

सबद व्याख्या **विनइंदर कौर** और **अमरदीप सिंह**

**Oneness In Diversity Research Foundation**

**वेबसाइट:** OnenessInDiversity.com

**ईमेल: onenessindiversityfoundation@gmail.com**